दिन– मंगलवार

दिनांक– 23 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत जी राम जी योजना, मनरेगा योजना से आगे का कदम है।

02. भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना में हुआ भव्य स्वागत। श्री नवीन ने कहा– अगले पांच वर्षों में बिहार विकास के नये आयाम तय करेगा।

03. बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के खिलाफ हिंसक घटनाओं के विरोध में प्रदेश के विभिन्न भागों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जारी।

04. और, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में जनजीवन हुआ प्रभावित। पटना समेत चौदह जिले शीतलहर की चपेट में।

———————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा योजना से आगे का कदम है। एक वीडियो संदेश में श्री चौहान ने कहा कि रोजगार सृजन और व्यापक ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त निधि सुनिश्चित करने हेतु वीबी जी राम जी योजना के तहत एक लाख इक्यावन हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन प्रस्तावित किया गया है।

———बाईट———

विकसित भारत जी राम जी योजना मनरेगा के आगे का कदम है। मजदूर भाईयों सौ दिन की नहीं अब एक सौ पच्चीस दिन काम की गारंटी है। कानूनी गारंटी और काम नहीं तो बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। मजदूरी अगर देर से मिली तो अतिरिक्त राशि देने का प्रावधान है।

श्री चौहान ने कहा कि जी राम जी योजना विकसित, आत्मनिर्भर, गरीबी मुक्त और रोजगारोन्मुखी गांवों के निर्माण के लिए जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना कार्यों, आजीविका आधारित गतिविधियों और आपदा निवारण उपायों पर केंद्रित है।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत एक करोड़ छप्पन जीविका दीदियों के खाते में दस–दस हजार रूपये की राशि भेजी गयी है। पटना में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस दिसम्बर तक बढ़ा दी गयी है।

———बाईट———

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का आज पटना में भव्य स्वागत किया गया। श्री नवीन ने पटना हवाई अड्डे से वीरचंद पटेल पथ तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने पटना उच्च न्यायालय के समीप स्थित संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही इनकम टैक्स चौराहा स्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्री नवीन ने नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुये कहा है कि अगले पांच वर्षों में बिहार विकास के नये आयाम तय करेगा।

———बाईट———

श्री नवीन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुये कहा कि वे आम लोगों की समस्याओं के प्रति कोई संवेदना नहीं रखते।

———बाईट———

मिलर हाई स्कूल में आयोजित अभिनंदन समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, कई केन्द्रीय मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद और विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुये। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष श्री नवीन ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

————————————————————————

बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के विरूद्ध हो रही हिंसा के खिलाफ देशभर में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किये जा रहे हैं। रोहतास जिले के सासाराम में दक्षिणपंथी संगठनों से जुड़े लोगों ने आज प्रदर्शन जुलुस निकाला और पोस्ट ऑफिस चौक पर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। अररिया के फारबिसगंज, नालंदा के बिहारशरीफ, जहानाबाद, किशनगंज और अन्य स्थानों पर भी विभिन्न संगठनों की ओर से विरोध मार्च निकाला गया।

इधर, राजनीतिक दलों से जुड़े वरिष्ठ नेताओं ने भी बांग्लादेश की घटना पर चिंता जतायी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि हिन्दू समुदाय के खिलाफ लक्षित हिंसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर किसी को भी प्रताड़ित करना बेहतद दुखद है।

———बाईट———

————————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने पटना जिले के मसौढ़ी प्रखंड अन्तर्गत नदौल से राजस्व कर्मचारी राजा कुमार को एक लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर

लिया। वहीं, निगरानी की टीम ने सिवान जिले में भी कार्रवाई की है। टीम ने जिले के सिसवन थाने में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया सिंह को चालीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

राष्ट्रीय किसान दिवस आज पूरे देश में समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में किसानों के योगदान के मद्‌देनजर सरकार की योजनाओं पर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत का कृषि क्षेत्र, जिसमें देश की लगभग आधी आबादी जुड़ी हुई है, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होने के साथ–साथ, राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत आधार बना हुआ है। किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए, केंद्र सरकार ने उनके सामाजिक–आर्थिक उत्थान और सतत कृषि विकास के लिए, कई अहम कदम उठाए हैं। इन पहलों में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना शामिल हैं, जिनका उद्देश्य किसानों को वित्तीय सुरक्षा, जोखिम से संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना है। देश में इस वर्ष कुल खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान 357 मिलियन टन से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात दशमलव 65 प्रतिशत अधिक है। वहीं, वर्ष 2014–15 के मुकाबले, देश के खाद्यान्न उत्पादन में, लगभग 42 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर में दो दिवसीय किसान मेला सह राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्‌घाटन करते हुये श्री यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ेगी तभी दो हजार सैंतालीस तक देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल होगा।

———बाईट———

इधर, प्रदेश के अन्य स्थानों में भी किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैशाली जिले के हरिहरपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को सम्मानित किया गया। शिवहर के कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों के दो सौ किसानों को कृषि संबंधित नवीन जानकारियां दी गयी। इधर, शेखपुरा के विधायक रणधीर कुमार सोनी ने जिला कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले की किसानों को सम्मानित किया। वहीं, सुपौल के जिला कृषि कार्यालय परिसर में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुये किसानों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी है। श्री मोदी ने लगभग तीन मिनट के इस वीडियो में दाल की खेती करने वाले किसान कृष्ण कुमार के साथ बातचीत में दलहन की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने पीएम फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि और धन धान्य योजना का भी जिक्र किया है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं, घने कोहरे के कारण भी जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर काफी कम हो जाने से कनकनी का एहसास बढ़ गया है। पटना, अरवल, औरंगाबाद समेत चौदह जिलों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, राज्य के विभिन्न भागों में घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

———बाईट—मौसम———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————————

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। आज भी पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई नियमित उड़ाने रद्द कर दी गयी हैं। वहीं, कई विमानों का परिचालन परिवर्तित समय से हो रहा है। इधर, कोहरे के कारण लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां काफी विलंब से चल रही हैं।

———————————————————————————

अत्यधिक ठंड और शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों को छब्बीस दिसम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। वहीं, लखीसराय में चार जनवरी दो हजार छब्बीस तक कक्षा आठवीं तक शैक्षणिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान कक्षा नौ और ऊपर की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियां प्रर्याप्त सावधानी के साथ जारी रखी जा सकती है। इधर, शेखपुरा जिला प्रशासन ने पच्चीस दिसम्बर तक कक्षा आठ तक के स्कूलों में पठन—पाठन पर रोक लगा दी है।

———————————————————————————

सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में अगलगी की घटना में बारह दुकाने जलकर नष्ट हो गयी। जानकारी के अनुसार इस घटना में लगभग पंद्रह लाख रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है।

---

सारण जिले के नगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कादीपुर गांव के पास तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

बक्सर जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला ईटाढ़ी थाना क्षेत्र का है।

---

अररिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने जाति सूचक गाली–गलौज और मार–पीट के मामले में तेरह आरोपियों को छह–छह महीने की कारावास की सजा सुनाई है। मामला जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र का है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत जी राम जी योजना, मनरेगा योजना से आगे का कदम है।

02. भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का पटना में हुआ भव्य स्वागत। श्री नवीन ने कहा– अगले पांच वर्षों में बिहार विकास के नये आयाम तय करेगा।

03. बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के खिलाफ हिंसक घटनाओं के विरोध में प्रदेश के विभिन्न भागों में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जारी।

04. और, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में जनजीवन हुआ प्रभावित। पटना समेत चौदह जिले शीतलहर की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।